JALAUN POLICE

दिनांक – 20.11.2026

साइबर सेल जनपद जालौन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर APK फाइल के माध्यम से हुई ₹ 85,525 की साइबर ठगी की सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराकर चेहरे पर लौटाई मुस्कान।

साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों के रोकथाम एवं बचाव हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर यू0पी0 लखनऊ श्री विनोद कुमार के निर्देशानुसार एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी श्री आकाश कुलहरि एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द रावत के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 ईशान सोनी, क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम के पर्यवेक्षण में जनपद जालौन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय साइबर सेल जनपद जालौन स्थान उरई के प्रभारी श्री चन्द्रदेव यादव के नेतृत्व में जनपदीय साइबर सेल द्वारा साइबर NCRP पोर्टल में प्राप्त शिकायत संख्या- 23110260204847 में आवेदक श्री पवन कुमार नि0 नया रामनगर थाना को0 उरई जनपद जालौन से रुपये 85,525/- का फ्राड APK फाइल के माध्यम से हुआ, जिस पर त्वरित कार्यवाही कर बैंक को मेल कर व बैंक से समन्वय स्थापित कर आवेदक के खाते में 85,525/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

जनपदीय साइबर सेल की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़ित को आर्थिक राहत प्राप्त हुई है। साइबर अपराधों के विरुद्ध जनपद जालौन पुलिस की प्रतिबद्धता तथा पीड़ितों की सहायता हेतु किये जा रहे निरन्तर प्रयासों का यह एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

कुल बरामद धनराशि – 85,525/-रुपये

धनराशि वापस कराने वाली टीम-

1. निरीक्षक श्री चन्द्रदेव यादव, प्रभारी जनपदीय साइबर सेल
2. उ0नि0 श्री अजीत शर्मा
3. उ0नि0 श्री जगवीर सिंह
4. हे0का0 पप्पू लाल
5. का0 मो0 शोएब एवं समस्त जनपदीय साइबर सेल टीम।

Whatsapp No.:- 7839002384
Email- cybercell-police.jl@nic.in

-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-
टोलफ्री नम्बर 1930/112